हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

11 वंचित लोगों को घर द्वार पर मिल रहा सरकार ...



12 मंत्री ने एनएच-148बी हाइवे के निर्माण कार्य...



## बराला समर्थक वेद फुलां, रिन्कू मान और गुलशन हंस की चल रही थी चर्चाएं, हाथ लगी निराशा

# भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा की हुई दोबारा ताजपोशी

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के प्रदेशाध्यक्ष की कमान संभालते ही फतेहाबाद भाजपा के जिलाध्यक्ष के लिए सरगर्मियां तेज हो गई थी। हालांकि बलदेव ग्रोहा का कार्यकाल समाप्त हुए 6 माह का समय हो चुका है लेकिन जिलाध्यक्ष पर नई ताजपोशी नहीं हो सकी थी। जिलाध्यक्ष के पद पर बलदेव ग्रोहा को दोबारा रिपीट करवाने के लिए सांसद सुनीता दुग्गल, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम व रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा जी-जान से जुटे हुए थे जबकि चेयरमैन सुभाष बराला गुट ने अपने चहेते को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रखा था। बुधवार देर शाम को भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची जारी हुई, जिसमें दुग्गल-नापा-दुड़ाराम अपने चहेते बलदेव ग्रोहा को जिलाध्यक्ष पद पर रिपीट करवाने में कामयाब रहे और बराला गुट को निराशा का सामना करना पड़ा।

बता दें कि दो दिन पूर्व ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के अभिनंदन समारोह के नाम से सुभाष बराला ने टोहाना में भव्य प्रोग्राम किया था। संगठन में कार्यकर्ताओं की नाराजगियों के बावजूद भाजपा हाईकमान ने बलदेव ग्रोहा पर ही दोबारा विश्वास जताया। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर शायद भाजपा की यह बड़ी राजनीतिक सोच सामने आ रही है वहीं गैर जाट को तवज्जो देना चाहती है। बता दें कि बुधवार को जारी हुई भाजपा संगठन की सूची में 80 फीसदी गैर जाट है। इससे बड़ी बात सांसद सुनीता दुग्गल, फतेहाबाद से विधायक दुड़ाराम व रतिया से विधायक लक्ष्मण नापा तीनों गैर-जाट है। अब प्रदेशाध्यक्ष और जिलाध्यक्ष दोनों के गैर जाट बनने से राजनीतिक विशेषज्ञ इसे चुनावों से जोड़ रहे हैं। बड़ी बात यह है कि टोहाना के पूर्व विधायक व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला की संगठन पर पकड़ होने के बावजूद भी वह अपने चहेते को जिलाध्यक्ष नहीं बनवा पाए। टोहाना से बराला और मंत्री देवेन्द्र बबली दोनों ही जाट समुदाय से है।



फतेहाबाद। दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर चेयरमैन सुभाष बराला का मुंह मीठा करवाते बलदेव ग्रोहा। फोटो : हरिभूमि

### केशधारी होने का ग्रोहा को मिला फायदा

रतिया, फतेहाबाद एरिया पंजाबी बैल्ट के नाम से जाना जाता है। बलदेव ग्रोहा रतिया विधानसभा से हैं और केशधारी हैं। वह पिछड़ा वर्ग से सम्बंध रखते हैं, जिसका फायदा उन्हें मिला है। ग्रोहा के कार्यकाल में भाजपा की नीतियों के कार्यक्रम ठीक चले, पार्टी को कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

### बराला के घर जाकर मुंह मीठा करवाया

जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल रहे बराला समर्थक वेद फुलां पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। वह जाट समुदाय से सम्बंधित हैं जबकि बराला समर्थक ही रिन्कू मान जटसिख समुदाय है। इसके अलावा बराला के तीसरे दावेदार भूना के गुलशन हंस पिछले काफी समय से संगठन में सक्रिय नहीं है, जिसका उन्हें नुकसान पहुंचा है। बता दें कि गुलशन हंस पिछली बार भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में थे लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली थी। राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि भाजपा ने इस बार नॉन जाट का दांव खेला है, जिसका सीधा फायदा बलदेव ग्रोहा को मिला। यही वजह रही है कि भाजपा संगठन पर मजबूत पकड़ होने के बावजूद भी बराला बैकफुट पर आ गए। यह अलग बात है कि जिलाध्यक्ष पद पर रिपीट होने के बाद बलदेव ग्रोहा ने सबसे पहले सुभाष बराला के घर जाकर ही उनका मुंह मीठा करवाया।



फतेहाबाद। जिलाध्यक्ष बने बलदेव ग्रोहा का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### दूसरी बार भाजपा जिलाध्यक्ष बने बलदेव ग्रोहा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

फतेहाबाद। भारतीय जनता पार्टी फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा को पार्टी हाई कमान की ओर से एक बार फिर जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिला के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गए। जिलाध्यक्ष बनने पर वीरवार को बलदेव सिंह ग्रोहा का बीजेपी के जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने यहां ढ़ोल नंगाड़ों, फूल मालाओं, आतिशबाजियों के साथ बलदेव ग्रोहा का स्वागत किया तथा लड्डू भी बांटे गए। बलदेव ग्रोहा ने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राजपाल बैनीवाल, चौधरी रणबीर सिंह, टेकचंद मिड्ढा, महेश शर्मा, भारत भूषण गर्ग, सविता टुटेजा, अनिल सिहाग, अवतार मोंगा, डा. रणजीत ओड, पूनम सिंगला, अशोक जाखड़, शम्मी ढीगड़ा, नरेश सरदाना, बनवारी लाल गहलोत, मुलखराज चावला, राधाकृष्ण नारंग, राम सिंह मांझू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाबी कलां निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी लड़की बिना बताए अपनी लड़की के साथ घर से चली गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। टोहाना पुलिस ने ढाणी गिला वाली निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 34 वर्षीय पत्नी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। रतिया पुलिस ने गांव लाली निवासी एक युवक की शिकायत पर उसकी 19 वर्षीय बहन के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### पुलिस ने गांजा बेचने वाले को पकड़ा

**फतेहाबाद।** टोहाना में गांजा बेचते एक दुकानदार को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। एएसआई जसबीर सिंह के नेतृत्व में लखन उर्फ लखा की दुकान में छापेमारी कर 240 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर टोहाना में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### एक रात में चार दुकानों के ताले टूटे

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी डिंग रोड ने बताया कि उसकी जनरल स्टोर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये चुरा ले गया। उसने बताया कि चोर उसके पड़ोसी दुकानदार हरभजन पुत्र गुरदीप सिंह की दुकान से 2 हजार रुपये, गौरव पुत्र सतीश की मोबाइल शॉप से 1700 रुपये और सतपाल पुत्र रूड़चंद की पंसारी की दुकान से 1200 रुपये की नगदी चुरा ले गया।

### संतनगर में गायन का खुला अखाड़ा 7 को

**रानियां।** श्री गुरदेव चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 7 जनवरी को गांव संतनगर में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक गायन का खुला अखाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस अखाड़े में पंजाब के प्रख्यात सूफी गायक कंवर ग्रेवाल अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम संयोजक साहिब सिंह ने बताया कि रानियां तहसील के गांव संतनगर स्थित गुरदेव इंडोर स्टेडियम में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रायोगिक परीक्षा 7 को

**सिरसा।** जीएनसी सिरसा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र 1014 में बीएलआई 224 पी व बीएलआईई 229 पी की प्रायौगिक परीक्षा 7 जनवरी 2024 को आयोजित होगी। केंद्र समन्वयक डॉ. नवीन मक्कड़ ने बताया कि बीएलआई 224 पी की प्रायोगिक परीक्षा प्रातःकालीन पारी 10 बजे से दोपहर 1 बजे में व बीएलआईई 229 पी की सांध्यकालीन पारी दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी।

### वाहन चोर गिरोह से बाइक बरामद

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने बाइक चोरी मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी शुदा बाइक को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए व्यक्ति ने अपनी पहचान पंजाब के मनीष के तौर पर बताई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत के आदेशानुसार कोर्ट प्रोडक्शन वारंट पर लेकर चोरी मामले में शामिल जांच किया था।

### खरीददारी के लिए आई महिला से छीना झपटी

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक महिला के साथ छीना झपटी का एक ओर मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कुलां निवासी महिला मोनिका ने कहा है कि गत दिवस वह कपड़े खरीदने के लिए लक्कड़ मार्किट आई हुई थी। शाम करीब 7 बजे एक युवक उसके हाथ से कपड़े वाला लिफाफा छीनकर फरार हो गया। लिफाफे में करीब 1 हजार रुपये थे।

## खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में प्रतियोगिता मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के चार गांवों में जारी चौधरी देवीलाल ग्रामीण कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गांव मसीतां, रिसालियाखेड़ा, खारियां व माधोसिंघाना सहित जिलाभर से 208 टीमें भाग ले रही हैं। गांव माधोसिंघाना में जारी प्रतियोगिता में दूसरे दिन गांव के सरपंच विनोद जांदू बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए जबकि अध्यक्षता ब्लॉक समिति सदस्य राजेंद्र दहिया ने की। जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने खिलाड़ियों से कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की नसीहत देते हुए कहा कि हार जीत मायने नहीं रखती बल्कि खेल को खेल की भावना से खेलना ही खिलाड़ी को एक अच्छा खिलाड़ी बनाता है। प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों ने भी जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का आभार जताते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही उन्हें अपने ही गांव में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला है। इस अवसर पर डॉ. राधेश्याम शर्मा, हरिसिंह भारी, अनिल कासनियां, सुधीर कूकना, अंजनी लड्ढा, एडवोकेट सुरेंद्र कुमार, अकबर खान, कृष्ण भांभू, आदि पार्टी के पदाधिकारी व गांववासी मौजूद रहे।



सिरसा। जजपा जिलाध्यक्ष विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने जताया आभार

■ भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि इस नियुक्ति के लिए सभी मेहनतकश कार्यकर्ताओं को बधाई है जिन्होंने साल दर साल निरंतर कर्मठ व अनुशासित सिपाही की तरह पार्टी को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हरसंभव प्रयास करके सिरसा से लोकसभा व पांचों विधानसभा में भी कमल खिलाएंगी। उन्होंने कहा कि आज दूसरी पार्टियां जहां परिवारवाद से ग्रस्त हैं वहीं भाजपा में ही संभव है कि बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि के भी एक कार्यकर्ता बड़े पद तक पहुंच सकता है।



सिरसा। निताशा सिहाग

## 13 फरवरी को होगा दिल्ली कूचः लखविंद्र



सिरसा। बीकेई अध्यक्ष किसानों के साथ बैठक करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय किसान एकता बीकेई के प्रदेशाध्यक्ष लखविंद्र सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जाट धर्मशाला सिरसा में किसानों की मीटिंग हुई। बैठक में फैसला हुआ कि किसान व खेत मजदूर की संपूर्ण कर्जा मुक्ति, स्वामीनाथन आयोग के तहत फसल खरीद की गारंटी का कानून, लखीमपुर खीरी के शहीदों को इंसाफ सहित लंबित पड़ी सभी मांगों को लेकर 13 फरवरी को एसकेएम गैर-राजनैतिक व उत्तरी भारत की 18 किसान जत्थेबंदिया दिल्ली कूच करेंगी। औलख ने बताया कि इसे लेकर बीकेई किसानों को लामबंद करने के लिए डोट-टू-डोर अभियान चलाएगी। मीटिंग में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी व बैंकों की मिलीभगत से 5 महीने बाद किसानों का खरीफ - 2023 का बीमा प्रीमियम वापस आने को लेकर, रबी 2022-23 ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का बीमा क्लेम के लिए संघर्ष करेंगे।

## महिला विरुद्ध अपराधों पर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी थाना व पुलिस चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर निर्देश देते हुए कहा कि थानों में फरियादियों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर पीड़ित को शीघ्रातिशीघ्र न्याय दिलवाने का प्रयास करें। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में मौजूद सभी थाना व चौकी प्रभारियों से कहा कि थानों में आने वाले लोगों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करें और उनकी शिकायतों का तुरंत प्रभाव से निपटारा कर पुलिस विभाग की छवि के लिए काम करें। उन्होंने मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि महिला विरुध अपराधों पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाने के लिए सभी थानों में महिला पुलिसकर्मी महिला हेल्प डेस्क पर ड्यूटी के दौरान थानों में आने वाली पीड़ित महिलाओं के साथ नम्रतापूर्वक व्यवहार कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास करें और उसके बाद उसकी समस्या का जल्द निवारण करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं के प्रति होने वाली मारपीट, घरेलू हिंसा व अन्य आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं से होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाएं। नशे के खिलाफ अभियान को तेज करने का भी निर्देश सभी प्रभारियों को दिया।



सिरसा। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी विक्रांत भूषण।

## जय श्रीराम के जयकारों के साथ अक्षत कलश स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अयोध्या से आया अक्षत कलश दर्शनों हेतु आज जय श्री राम के जयकारो के साथ प्रभात फेरी निकाल कर श्री पार्श्व पद्मावती शक्ति धाम से श्री कृष्ण गौशाला में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थापित किया गया। श्री कृष्ण गौशाला पहुंचने पर कमेटी द्वारा पुष्पों की वर्षा कर अक्षत कलश का स्वागत किया गया। नितिन जैन व कार्यक्रम के संयोजक संजू जांगड़ा ने बताया कि 22 जनवरी को श्री रामलला जी की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है उसको लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के लाखों कार्यकर्ता देश भर के रामभक्तो के सहयोग से ये अक्षत पिले चावल देकर निमंत्रण घर घर पहुंचाएंगे। आज रतिया में मन्दिर कमेटियों व शहर के सभी रामभक्त मिलकर इस अभियान में सहयोग करेंगे। 22 जनवरी को पूरे देश में दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाएगा। शहर के हर मन्दिर को अयोध्या मानकर वहां भजन कीर्तन व अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा । शहर के सभी 17 वार्डों में रामभक्तों की टोलिया बन चुकी है। मौके पर नितिन जैन, पारस सिंगला, अशोक मेहता, विकास ग्रोवर, संजू जांगड़ा, पुजारा लाल, उमाकांत सिंगला, कीर्ति गोयल, विजय कुमार आदि थे।



रतिया। अयोध्या से आया अक्षत कलश दर्शनों हेतु प्रभात फेरी निकालते श्रद्धालु।

## कुलां में निकाला नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुवार को गांव कुलां में गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हजूरी में नगर कीर्तन निकाला गया। गांव के गुरुद्वारा साहिब से जो बोले-सो निहाल के जयकारे के साथ शुरू हुआ नगर कीर्तन पंच प्यारों की अगुवाई में गांव के विभिन्न गली मोहल्लों व चौक चौराहे की परिक्रमा करते हुए गांव के गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर संपन्न हुआ। कीर्तन में सिख संगत के साथ भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान गतका पार्टी ने अपनी कला का जौहर दिखाया। नगर कीर्तन के दौरान सुंदर पालकी में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के ऊपर फूलों की वर्षा की गई, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।



### ठंड से सब्जियां व फलदार पौधे बचाने के लिए किसानों को दी सलाह

# किसान करें लॉ-टनल तकनीक का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कड़ाके की ठंड एवं पाले से सब्जियों व फलदार पौधों को काफी नुकसान हो सकता है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने कहा कि बचाव के लिये आने वाले दिनों में सब्जी एवं फल उत्पादक किसान विभिन्न प्रकार के उपाये कर सकते हैं। किसान लॉ-टनल तकनीक अपनाकर फसल को सर्दी एवं पाले से बचाव कर सकते हैं। साथ ही बेमौसमी फसलों की काश्त करके अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे फसलों को सर्दी एवं पाले से बचाने के लिये लॉ-टनल तकनीक का उपयोग करें तथा फसलों की हल्की सिंचाई करते रहें एवं धुआं इत्यादि का प्रयोग करके भी सब्जियों की फसलों को पाले से बचाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इस समय जिला में तापमान बहुत कम है तथा मौसम विभाग अनुसार आने वाले दिनों में कोहरा/पाला पड़ने की संभावना है तथा शीतलहर का प्रकोप जारी रह सकता है। जिला में इस समय किसानों द्वारा विभिन्न प्रकार की सब्जियों की काश्त की जा रही है जिसमें मुख्य रूप से आलू, मटर, बेल वाली सब्जियां जैसे तरबूज, टमाटर, पत्तेदार सब्जियां इत्यादि है। इस समय जिले में लगभग 3500 एकड़ क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि बागवानी किसान नुकसान से बचने हेतु मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में सब्जियों व मसालों का 750 रुपये प्रति एकड़ प्रीमियम भरकर पंजीकरण कर सकते हैं। उद्यान विभाग द्वारा पाले से बचाव व अगेती फसलों की काश्त हेतु विभिन्न सब्जियों की फसलों पर अनुदान दिया जा रहा है जिसमें लॉ-टनल, ड्रीप, बांस के सहारे सब्जी की खेती, मल्चिंग इत्यादि के साथ सब्जियों के काश्त करने पर 15000 रुपये प्रति एकड़ सब्जी उत्पादन हेतु, लगभग 25000 रुपये प्लास्टिक टनल प्रति एकड़, 31250 रुपये प्रति एकड़ बांस के सहारे सब्जी करने पर व 6400 रुपये प्रति एकड़ मल्चिंग हेतु अनुदान राशि दी जा रही है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एक किसान के लिये अधिकतम 5 एकड़ तक लाभ देने का प्रावधान है।



फतेहाबाद। जिला में किसानों द्वारा की जा रही बागवानी फसलों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त करते जिला उद्यान अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार। फोटो : हरिभूमि

### क्रेसेंट स्कूल में कॉमर्स व आर्ट संकाय में फेयरवेल, मोक्षिका और वंदना बनी मिस क्रेसेंट



फतेहाबाद। क्रेसेंट स्कूल में कॉमर्स एवं आर्ट्स संकाय के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान स्कूल पहुंचे 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों, प्रधानाचार्या, स्कूल मैनेजेमेंट तथा उनके अध्यापकों का स्वागत 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा फूलों की वर्षा करके व तिलक लगाकर किया गया। फेयरवैल का आगाज प्रधानाचार्या पूनम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। 11वीं कक्षा ने 12वी कक्षा के विद्यार्थियों तथा 12वी कक्षा ने अपने अध्यापकों को विभिन्न टाइटल्स के साथ सम्मानित किया। स्कूल की ओर से 12वीं कक्षा के छात्रों को गिफ्ट भी दिए गए। इन कार्यक्रमों के अलावा सीनियर्स के लिए विभिन्न प्रकार की फन गेम्स भी करवाई गई। सुंदर व रंग-बिरंगे परिधानों से सजे छात्रों की चहल-पहल से सारा कूल परिसर गूंज उठा। छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत जिसमें डांस राउंड, रैंप वाक तथा क्वेश्चन-ऑन्सवर राउंड थे, कई विजेताओं का चयन किया गया। इसमें कॉमर्स संकाय में मिस्टर क्रेसेंट कौशल, मिस क्रेसेंट मोक्षिका, मिस्टर पर्सनेलिटी हरमनदीप, मिस पर्सनेलिटी डॉली तथा आर्ट्स संकाय के लिए मिस्टर क्रेसेंट युवराज व आशीष, मिस क्रेसेंट वंदना, मिस्टर पर्सनेलिटी आदित्य मिस पर्सनेलिटी दीक्षिता का चुनाव किया।



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

## स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

## आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

## स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



## रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

## बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



## पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें





1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-नारियल

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी




सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्सट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142



बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।






उत्तर : E

## खबर संक्षेप

### 112 बोतल कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने गांव पीरावाली निवासी रत्न सिंह को गिरफ्तार करके उससे 112 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में नियाणा गांव निवासी आशो को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस संबंध में गीता कालोनी निवासी मंगल सिंह ने पिछले वर्ष 9 सितम्बर को अपना मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दी थी।

### आशा खेड़ा के जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जताई

**आदमपुर।** उकलाना हलके से पूर्व भाजपा प्रत्याशी रही आशा खेड़ा के भाजपा जिला हिसार की जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम शर्मा, पवन जैन, प्रिंस शर्मा, वेदपाल शर्मा, शशिकांत समेत अनेक कार्यककर्ता मौजूद रहे।

### पेयजल की राशि माफ करना एक अच्छा कदम

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग ने प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की बकाया राशि माफ करने को एक अच्छा कदम बताया है। सजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि सरकार से मांग की है कि केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सभी पानी के बकाया बिलों को माफ किया जाए।

### नियुक्तियों से पार्टी संगठन होगा मजबूत

**हिसार।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार इंदौरा ने पार्टी संगठन में की गई नई नियुक्तियों का स्वागत किया है। इन नियुक्तियों से पार्टी कार्यकर्ताओं में नए जोश व उत्साह का संचार हुआ है। इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन और मजबूत होगा।

### योग व सेल्फ डिफेंस का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**हिसार।** बच्चों को विभिन्न कोर्स व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के साथ-साथ जरूरतमंद बच्चों को योग व आत्मरक्षा प्रशिक्षण निःशुल्क करवाए जाएंगे। हांसी में अमर मार्केट में त्रिमूर्ति कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई।

---

### विभिन्न गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# वंचित लोगों को घर द्वार पर मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ

**पात्र लोगों तक सरकार की योजनाओं को पारदर्शी व सहज रुप से पहुंचाने के उद्देश्य में सफल रही संकल्प यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को जिला के गांव किशनपुरा, खारी सुरेरां, अबूतगढ, ढाणी प्रताप सिंह, डिंग मोड, बग्गुवाली, सूबा खेड़ा, दौलतपुर खेड़ा, मसीतां, सक्ता खेड़ा, कुम्हारियां व कुतियाना में पहुंची। विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों पर पात्र लोगों ने पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। इस दौरान लाभार्थियों ने योजनाओं के मिल रहे लाभों के अनुभव बारे भी बताया। गांव सक्ता खेड़ा व मसीतां में सीओएसएएमबी के राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल, डिंग मोड, बग्गुवाली, सूबाखेड़ा व दौलतपुर में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, गांव किशनपुरा में जसबीर चहल, खारी सुरेरां में मंजीत धालीवाल, गांव अबूतगढ में जसबीर सिंह भिंडर, ढाणी प्रताप सिंह में सुरेश सिंगला, गांव कुम्हारियां में योगेश शर्मा व गांव कुतियाना में जयबीर बरासरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए ग्रामीणों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई गई। गांव अबूतगढ व ढाणी प्रताप सिंह में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज भी उपस्थित रहे।

सीओएसएएमबी के राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा से हर पात्र व्यक्ति को उनके घर द्वार पर ही योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। संकल्प यात्रा का उदेश्य हर जरुरतमंद व पात्र लोगों तक सरकार की योजनाओं को पारदर्शी व सहज रुप से पहुंचाना है और यह यात्रा अब तक अपनी उद्देश्य में कामयाब हुई है।



**सिरसा।** जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान शिकायतों का निपटारा करते कर्मचारी।



**फतेहाबाद।** गांव बनमंदोरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विधायक दुड़ाराम।

### बनमंदोरी में 1923 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बने : दुड़ाराम

**फतेहाबाद।** विधायक दुड़ाराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश भर में 30 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन लाभार्थियों में नया जोश भर रही है। प्रदेशभर में हर दिन लाखों लोग यात्रा से जुड़ कर लाभान्वित हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति के मामले में हरियाणा देशभर में पहले स्थान पर है। विधायक वीरवार को भट्टू खंड के गांव बनमंदोरी व पीलीमंदोरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक दुड़ाराम ने कहा कि गांव बनमंदोरी में 1923 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बने हैं जिनमें से 68 परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया है। सरकार की ओर से इन नागरिकों के इलाज पर 13 लाख 86 हजार रुपये की राशि खर्च की गई है। गांव में 113 परिवारों के एएवाई कार्ड बने हैं जबकि 887 परिवारों के बीपीएल कार्ड बने हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 200 परिवारों को गैस कनैक्शन जारी किए गए है। पीलीमंदोरी, भट्टू कलां सहित हलका फतेहाबाद के सभी गांवों में हजारों नागरिकों ने सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने हर साल सम्मान भत्ता की राशि में वृद्धि करते हुए 2750 रुपए मासिक किया और अब नववर्ष पर पहली जनवरी, 2024 से इस राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर राजपाल बेनिवाल, बंसीलाल, रजनी बाला, भीम माचरा, प्रवीण लूणा, अर्जन राठौड़, महेंद्र माचरा, संदीप माचरा, कैलाश, राम माचरा आदि मौजूद थे।

---



**फतेहाबाद।** रोहतक रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा करते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

# कर्मचारियों का लगातार शोषण कर रही सरकार

- सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की रैली 4 फरवरी को रोहतक में होगी
- मीटिंग में सभी ब्लॉक व विभागों से सदस्यों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली ऐतिहासिक रैली में फतेहाबाद जिले से करीब 5 हजार कर्मचारी भाग लेंगे। रैली को तैयारियों को लेकर वीरवार को सर्व कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें रैली की तैयारियों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली ने की व संचालन सचिव सुरजीत सिंह ने किया। मीटिंग में सभी ब्लाक व विभागों से सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रैली को लेकर सभी पंचायतों से सम्पर्क किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए 5 जनवरी को सभी ब्लाकों की मीटिंग होगी। इसके बाद 6 जनवरी से सभी विभागों में टीमें संपर्क अभियान चलाएंगी। 15 जनवरी के बाद स्कूलों में संपर्क अभियान चलाया जाएगा साथ ही स्टेट व जिले के जत्थे भी चलेंगे। जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली ने कहा कि पिछले करीब 10 सालों से सरकार ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की कोई पॉलिसी नहीं बनाई हैं, कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा हैं। प्रदेश में लाखों पद खाली पड़े हैं जबकि बेरोजगार युवा धक्के खाने को मजबूर हैं। पुरानी पेंशन लागु करने को लेकर सरकार बहाने बना रही हैं। क्लकारे, पटवारियों सहित सभी विभागों में वेतन विसंगतियों को हल नहीं किया जा रहा है। कौशल रोजगार निगम के नाम पर सरकार युवाओं के शोषण करने पर तुली हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर कर्मचारियों की आक्रोश रैली में जोर-शोर से उठाया जाएगा। आज की मीटिंग में कृष्ण नैन, धर्मेन्द्र ढांडा, औमनाथ, कृष्ण चमारखेड़ा, प्रेम पटवारी, वकील सिंह, बेगराज, पृथ्वी सिंह बाना, देशराज माचरा, हरपाल हुड्डा, राजपाल मित्ताथल, इन्द्र सिंह घासी, कृष्ण जाखड़, राधेश्याम, रमेश तोषामड़, विजय ढ़ाका, वीरू रत्ती, विनोद भडोलांवाली आदि मौजूद रहे।

---

# पुलिस की एडवाइजरी: अंजान को न दें अपना मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिलावासियों को एडवाइजरी जारी करते हुए सतर्क किया है कि यूजर्स अपना मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के लिए किसी अनजान व्यक्ति को न दें, क्योंकि ऐसा करने से आपराधिक प्रवृति के लोग आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। जिलावासियों को सचेते करते हुए उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृति के लोगों ने आजकल नया ट्रेंड अपनाया हुआ है, इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहें अपना मोबाइल फोन किसी दूसरे व्यक्ति को इस्तेमाल के लिए न दें। उन्होंने कहा कि जहां कोई अनजान व्यक्ति आकर आपसे एक फोन कॉल के लिए स्मार्टफोन मांगता है, तो सावधान हो जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आजकल देखने में आ रहा है कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपने आप को भोले व गरीब व्यक्ति के रूप में लोगों के सामने पेश कर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन ऐसे लोगों के बहकावे में आ जाते हैं और अपना मोबाइल या सेल फोन ऐसे व्यक्तियों को सौंप देते हैं, जिन्हें वे जानते तक नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे शातिराना किस्म के लोग आपकी मानवता तथा शराफत का फायदा उठाकर आपके मोबाइल नंबर से किसी व्यक्ति विशेष को धमकी दे देते हैं, या किसी व्यक्ति से फिरौती मांगकर आपराधिक वारदात को अंजाम दे देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों के कनेक्शन लूट, हत्या डकैती, चोरी व रंगदारी जैसी अनेक आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग के साथ जुड़े होते हैं।

### घर-घर जाकर ओढ़ावासियों को दिया कलश यात्रा का निमंत्रण

**ओढां।** 22 जनवरी को होने वाले श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर ओढ़ावासियों में भारी उत्साह है। आगामी 8 जनवरी दिन सोमवार को गांव में कलश यात्रा हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थायों के सदस्य बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। धर्मप्रेमी रामलाल सिंगला ने बताया कि आज दुर्गा मंदिर सेवा समिति व सालासर यात्रा संघ के सदस्यों ने पुरानी अनाज मंडी, थाना रोड, गुरूद्वारा मार्किट व बस स्टैंड पर स्थित सभी घरों व दुकानों पर जाकर 8 जनवरी को कलश यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि 8 जनवरी को सुबह 9:30 बजे नैशनल हाइवे पर स्थित हनुमान मंदिर से कलश यात्रा रवाना होगी जो गांव की विभिन्न गलियों व बाजारों से होकर पुरानी अनाज मंडी में दुर्गा मंदिर परिसर में जाकर सम्पन्न होगी। इसी प्रकार सालासर भंडारा ट्रस्ट व हनुमंत सेवा समिति के सदस्य भी नैशनल हाइवे के दूसरी ओर बसे गांव में घर घर जाकर निमंत्रण दे रहे हैं।

# हुड्डा की लंबी आयु की कामना की

- कांग्रेस ने सेवाभाव के रूप में मनाया दीपेन्द्र हुड्डा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्य सभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का जन्मदिन फतेहाबाद में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी पहचान के अनुरूप सादगी और सेवाभाव से मनाया गया। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता हांसपुर रोड स्थित सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम में पहुंचे और यहां रह रहे बुजुगार्ें और विकलांगों की सेवा कर दीपेन्द्र हुड्डा की लंबी आयु की कामना की। पूर्व सीपीएस द्वारा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों और विकलांगों को अपने हाथों से भोजन करवाया और गौसेवा भी की। पूर्व सीपीएस ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हमेशा जनता के हित के लिए प्रदेश में काम किया। प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलवाने में दीपेन्द्र हुड्डा की बेहद अहम भूमिका रहेगी। युवा कांग्रेस नेता आनंदवीर सिंह गिलांखेड़ा ने दीपेन्द्र हुड्डा के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



**फतेहाबाद।** सतगुरू कृपा अपना घर आश्रम में सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के जन्मदिवस पर बुजुगार्ें की सेवा करते पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा।

---

# हालसा व नालसा की जानकारी के लिए 5 से शुरू होंगे अवेयरनेस प्रोग्राम

- 14 जनवरी तक विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) व हालसा की विभिन्न स्कीमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की ड्यूटी निर्धारित कर शैड्यूल जारी किया गया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव समप्रीत कौर ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष डीआर चालिया के मार्गदर्शन में जिला में 5 जनवरी से 14 जनवरी तक विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी को गांव झलनिया में अधिवक्ता मुकेश कुमार व पीएलवी जीत राम तथा गांव बुआन में अधिवक्ता शहनवाज व पीएलवी निर्मला रानी, 6 जनवरी को गांव ढांड में अधिवक्ता पीयूष बत्तरा व पीएलवी समिता तथा गांव काजलहेड़ी में अधिवक्ता कपिल कुमार व पीएलवी मुन्नी देवी, 7 जनवरी को गांव सरवरपुर में अधिवक्ता नवीन कुमार व पीएलवी रामचंद्र लोगों को जागरूक करेंगे।

# फीडरों की फ्रेंचाइजी के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बिजली मंत्री की बिजली कर्मचारियों के साथ मांगों पर बनी सहमति की वादा खिलाफी, 11 केवी फीडरों की फ्रेंचाइजी तथा केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय फतेहाबाद के बाहर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के यूनिट कैशियर प्रेम वर्मा ने की। धरने का संचालन सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। धरने में फतेहाबाद, रतिया, भट्टू व बड़ोपल से कर्मचारी शामिल हुए। धरने के बाद पदाधिकारियों ने कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता को बिजली मंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा व उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया जल्द बिजली मंत्री को भेज दिया जाएगा। बिजली मंत्री व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के सर्कल सचिव भूप सिंह भड़ोलांवाली ने कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार की नीतियों से आज सभी वर्ग तंग आ चुके हैं। पटवारी, बिजली, रोडवेज, आंगनबाड़ी, किसान, ट्रांसपोर्ट, खिलाड़ी सभी हड़ताल पर व उत्पीड़ित भी है। सरकार बगैर राय व सलाह के बिल या कानून लागू कर रही है।



**फतेहाबाद।** बिजली कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते यूनियन के सर्कल सचिव भूप सिंह भड़ोलांवाली।

### मंत्री ने की वादा खिलाफी

आम जनता की सहमति व सुविधा के लिए कानून लागू करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्री ने 10 अक्टूबर को मांगों पर सहमति जताई थी लेकिन बिजली मंत्री ने कोई भी मांग लागू नहीं की। बिजली बिल संशोधन कानून 2023 पास करने का भरसक प्रयास कर रही है। बिजली बिल संशोधन कानून पास होने के बाद किसान, मजदूर, गरीब, आम आदमी को मिलने वाली स्लेब सिस्टम के तहत सब्सिडी खत्म हो जाएगी।

# लेजर थैरेपी की सुविधा अब सद्भावना अस्पताल में उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के सद्भावना अस्पताल की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.भव्या बंसल ने बताया कि व्यस्त जीवन के चलते इस समय तकरीबन हर घर में कमर दर्द, गर्दन दर्द और घुटनों के दर्द से हर दूसरा व्यकित पीड़ित है। यह दर्द कुछ महीनों के बाद हाथ या पैर में झनझनाहट या सुन्नता के साथ होता रहता है। वहीं जोड़ों का दर्द सबसे कॉमन है। इसमें घुटनों में ग्रीस खत्म होने या गेप आने से आजकल 50-55 साल की उम्र पार होते ही यह शुरू हो जाता है। यह दर्द समय के साथ बढ़ते जाते हैं जो दिनचर्या को मुश्किल बनाते हैं। इसलिए फिजिकल थैरेपी का आज के समय में होना बहुत जरूरी है। इसके चलते ह्यूमन बॉडी रिलैक्स रहती है तथा बीमारियों के होने की संभावना कम हो जाती है।

फिजियोथैरेपी की शाखा इलेक्ट्रोथैरेपी में बिना भर्ती किए, बिना चीरे लेजर थैरेपी से कमर, गर्दन, घुटने और शरीर के हर जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द को खत्म किया जा सकता है। इस तकनीक के कुछ दिनों के सेक से दर्द में लगभग पूरा आराम मिल जाता है। जीर्ण वेदना के मरीजों, खेल सम्बंधित चोट तथा जोड़ रोग, गठिया बाय रोगों में यह इलाज रामबाण की तरह काम करता है।

---

# पियूष नारंग बने रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य

- रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ने पियुष नारंग को सौंपा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से शुरू की गई गतिविधियों से प्रभावित होकर जिला के चिकित्सक, उद्योगपति, विद्यार्थी, अधिवक्ता, अध्यापक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि सोसायटी के आजीवन व वार्षिक सदस्य बन रहे हैं। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं नगरपरिषद के पूर्व प्रधान स्व. विरेन्द्र नारंग के सुपुत्र पियूष नारंग स्वेच्छा से रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य बने हैं। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर व सुनील भाटिया ने रेडक्रॉस कार्यालय में पियूष नारंग को आजीवन सदस्यता का प्रमाण पत्र भेंट किया और उनका रेडक्रॉस परिवार में स्वागत किया।

बता दें कि पियूष नारंग शहर में एक युवा समाजसेवी के तौर पर जाने जाते हैं और अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। पियुष नारंग ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने रेडक्रॉस से जुड़ने का फैसला लिया है। टीबी मरीजों के को सोसायटी से लाभ मिल रहा है। सचिव श्याम सुंदर ने कहा कि अब तक भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के 114 से अधिक आजीवन सदस्य व 2300 वार्षिक सदस्य बने हैं।



**फतेहाबाद।** पियूष नारंग को रेडक्रॉस सोसायटी का आजीवन सदस्य बनने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते जिला रेडक्रॉस सोसायटी से सुनील

### आदर्श स्कूल दरियापुर में सेमिनार का आयोजन

# बच्चों के साथ भावनात्मक संबंध करें स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरियापुर में स्कूल मैनेजमेंट के यथा संभव प्रयास से हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और बच्चों के बीच अच्छे व स्वस्थ संबंध स्थापित करने हेतु रहा। सेमिनार में मुख्य वक्ता हरियाणा नोडल ऑफिसर अनिल मलिक व उनके सहयोगी परामर्शदाता नीरज कुमार ने भाग लिया। उन्होंने अभिभावकों से आज के समय में उनके बच्चों के संदर्भ में आने वाली समस्याओं व उनके समाधान बारे में विशेष चर्चा की तथा उन्हें परामर्श दिया कि वे अपने बच्चों की समस्याओं का समाधान किस प्रकार एक नियोजित तरीके से कर सकते हैं और अभिभावक अपने बच्चों में समस्या समाधान कौशल का विकास कैसे कर सकते हैं।



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते नोडल ऑफिसर अनिल मलिक

### बच्चों में मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण का करें विकास

उन्होंने बताया कि विशेष तौर पर किशोरावस्था उथल पुथल की अवस्था होती है, ऐसे में हम बच्चों के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित कर सकते है और उनमें मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करें। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता करते हुए स्कूल निदेशक दर्शन मेहता एवं प्रिंसिपल अंजली मेहता ने कहा कि मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं का निरंतर लाभ बच्चों और अभिभावकों के साथ बेहतर संबंध निर्माण में सहयोगी सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर प्रबन्ध निदेशक साहिल मेहता, जीन्द से पहुंचे राज्य बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य एवं परामर्शदाता नीरज कुमार, सुपरवाइजर अश्वनी, काजल मेहता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लिफ्ट के बहाने दो युवकों से लूटपाट

**सिरसा।** सिरसा बस स्टेंड से दो युवकों को लिफ्ट देने के बहाने कार सवार युवक उनसे मोबाइल व नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव भुचो मंडी निवासी सुखजीत सिंह ने बताया कि वह गुरुद्वारों में कीर्तन के अंदर तबला बजाता है। उसने बताया कि बीती 2 जनवरी की रात को उसे फतेहाबाद जाना था। बस स्टेंड के बाहर वह बस का इंतजार कर रहा था।

### घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**रानियां।** रानियां के वार्ड नंबर 7 में एक मकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में छिंद्र सिंह ने बताया कि बीती 2 जनवरी की रात्रि को उसने अपने घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी ने चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी जयवीर ने बताया कि कलावती की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। पुलिस ने आरोपी से एक सोलर प्लेट भी बरामद कर ली है। आरोपी की पहचान राजा सिंह उर्फ बबलू पुत्र वजीर सिंह निवासी हैबुआना के रुप में हुई है।

### दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे पटवारी, कामकाज ठप



**सिरसा।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के पटवारी और कानूनगो 3 दिवसीय हड़ताल के तहत आज दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। सिरसा के लघुसचिवालय में कड़ाके की सर्दी के बीच वे धरना लगाकर बैठे हुए हैं। हड़ताल के कारण जमीन से जुड़े कार्य करवाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सांकेतिक हड़ताल के दौरान पटवार खाने में किसी तरह का कोई काम नहीं किया हो रहा है।

### अवैध हथियारों सहित युवक गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने टोहाना से पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 3 पिस्तौल बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एचसी ज्योति प्रसाद के नेतृत्व में गश्त के दौरान बराड़ चौक, टोहाना पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि कुलदीप सिंह निवासी मनियाना, पंजाब नाजायज असला लिए मनियाना रोड पर रजवाला पुल के पास खड़ा है।

### पटवारियों और कानूनगो रहे हड़ताल पर

**फतेहाबाद।** वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर फतेहाबाद के पटवारी और कानूनगो की हड़ताल वीरवार को दूसरे दिन भी जारी रही। कानूनगो व पटवारियों की हड़ताल के चलते जिले में रजिस्ट्री, इंतकाल, फर्द, जाति प्रमाण पत्र तस्दीक व पैमाइश के काम दूसरे दिन भी नहीं हो सके। दूर-दराज के गांवों से आए लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। राजस्व विभाग के अनुसार जिले में 66 पटवारी व 21 कानूनगो काम पर नहीं आए, जिस कारण दो दिनों में करीब 400 रजिस्ट्रियां, 570 फर्दें, 230 इंतकाल व जाति प्रमाण पत्र की तस्दीक सहित अनेक काम नहीं हो सके। जिससे परेशानी हो रही है।

# कोल्ड वेवः अत्यधिक सर्दी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

## सूर्य देव के दर्शन न होने के कारण ज्यादा सता रही ठंडी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अत्याधिक सर्दी के चलते शीत-घात यानि कोल्ड वेव से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने सरकार के निर्देशानुसार विशेष एडवाइजरी जारी की है। जिला प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी के मद्देनजर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नागरिकों को सर्दी से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति शीत लहर व ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरों में आश्रय ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इन दिनों शीत लहर का भारी प्रकोप चल रहा है। न केवल अत्यधिक ठंड, बल्कि पूरा-पूरा दिन धुंध रहती है, ऐसे में लोगों को सर्दी की जकड़न में आना स्वाभाविक है। लेकिन जरा सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है, इसलिए सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### रात के समय यात्रा करते समय सावधानी रखें, बीमार होने पर उपचार कराएं

#### क्या करें और क्या न करें

मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर मे ठंडी हवा के प्रवेश रोकने हेतु दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखे। फ्लू, नॉक बहना / भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इस तरह के लक्षणों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें।

#### शीत घात के दौरान क्या करें

जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क को रोकने के लिए कम यात्रा करें। ऐसे गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहाट बनाये रखने हेतु अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढके। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर रखें। शराब का सेवन न करें और स्वास्थ्य वर्धक भोजन का प्रयोग करें।

#### डीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश



सर्दी के दौरान जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद को लेकर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अधिकारियों को जरुरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त, सीईओ डीआरडीओ, सभी एसडीएम, सीटीएम, सिविल सर्जन, तहसीलदार, सभी नायब तहसीलदार, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव तथा शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करें और जरूरतमंद लोगों को साधन-संपन्न लोगों, सामाजिक संगठनों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद से गर्म कपड़े उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही उपायुक्त ने कृषि तथा किसान कल्याण विभाग व पशुपालन विभाग को भी निर्देश दिए है कि वे किसानों, पशुपालकों को सर्दी के मौसम में फसलों, पशुओं आदि के बचाव को लेकर जागरूक करें।

#### भरपूर फल व सब्जियां खाएं

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं, इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का ध्यान रखें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं, विशेषकर बुजुर्ग लोगो का हाल चाल पूछते रहें। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस पैदा करती है जो किसी की

## कार्यकर्ताओं ने मनाया सांसद दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन



**सिरसा।** कांग्रेस भवन में वीरवार को रा'यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेसजनों ने केक काटा और लड्डू वितरित किए। उपस्थितजनों ने कहा कि रा'यसभा में दीपेंद्र सिंह हुड्डा सिर्फ हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में किसान व कमेरा वर्ग की इकलौती आवाज हैं। वे रा'यसभा में किसानों व कमेरा वर्ग के हित की आवाज हमेश बुलंदी के साथ रखते हैं। सभी वगार्ें के लोग उन्हें बेहद प्यार करते हैं। इस मौके पर डॉ. केवी सिंह, भरत सिंह बैनीवाल, राजकुमार शर्मा, नवदीप कंबोज, मोहित शर्मा, मोहन खत्री, कपिल सरावगी, डॉ. वाईके चौधरी, आजाद केलनियां, कर्ण चावला आदि मौजूद थे।

## 28 की रैली को लेकर सभी तैयारियां पूरीः वीरभान मेहता

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

- प्रदेश सरकार से समाज का हर वर्ग दुखी और परेशान : मेहता

वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभान मेहता की अध्यक्षता में जनता भवन में आगामी 28 जनवरी को सिरसा की अनाजमंडी में कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा की जनसंदेश रैली को लेकर एक बैठक हुई। कांग्रेस नेता वीरभान मेहता ने कहा कि यह रैली भीड़ के नजरिए से ऐतिहासिक होगी और सभी समीकरण बदल देगी। उन्होंने बताया कि इस रैली में कुमारी सैलजा के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, तोशाम की विधायक किरण चौधरी भी शिरकत करेंगी। उन्होंने कहा कि आज इस सरकार में प्रत्येक वर्ग मायूस एवं हताश है। शहर और गांवों में विकास के काम ठप होकर रह गए हैं। कभी विकास को लेकर यह सरकार कोरोना का बहाना बनाती है तो कभी मुद्दों से भटकाने का काम करती है। बैठक में पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पवन बैनीवाल, संदीप नेहरा, राजेश चाडीवाल, रमेश मेहता एडवोकेट, ओम डाबर, ज्ञानी करनैल सिंह, पूर्व एमसी नीरु बजाज, दलीप नेजिया, अनिल सर्राफ, वरुण मेहता, तेजभान पटवारी, उर्मिल भारद्वाज, बूटा सिंह, अजमेर सेठी, विजय चौधरी, वीरेंद्र गोल्डी, देवेंद्र मिगलानी आदि मौजूद थे।

## 149 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य : बबली

# एनएच148बी हाइवे के निर्माण कार्य का शुभारंभ

सड़क मार्ग को 7 मीटर से 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। वाहन चालकों के साथ शहरवासियों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** जेसीबी चलाकर एनएच-148 बी सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली।

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि सड़कों पर लोगों का आवागमन सुगम हो व ट्रैफिक अपनी निर्बाध गति से आगे बढ़े, इसके लिए विभिन्न परियोजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन जारी है। सड़कों का जाल बिछाकर शहरों और गांवों का चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। पंचायत मंत्री ने वीरवार को लगभग 149 करोड़ की लागत से बनने वाले एनएच-148 बी सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं जेसीबी चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क मार्ग को 7 मीटर से 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। सुरेवाला चौक से टोहाना शहर के बीच से गुजरकर पंजाब बॉर्डर तक जाने वाले इस सड़क मार्ग में शहर के बीच में डिवाइडर बनाकर इसे सुंदर रूप दिया जाएगा। इसके अलावा पंचायत मंत्री ने गांव डांगरा, ललोदा, ढाणी भोजराज में भी विभिन्न विकास कार्योंर् का उद्घाटन किया। पंचायत मंत्री ने कहा कि टोहाना क्षेत्र विकास के मामले में अग्रणी है। क्षेत्र में करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट है, जिन पर या तो काम पूरा हो चुका है या कार्य अभी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि टोहाना की 30 साल पुरानी मांगे 100 बेड का हस्पताल, आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण कार्य शुरू हो चुके है। 15 साल पुरानी टोहाना की बहुप्रतीक्षित मांग के एनएच-148 बी के निर्माण कार्य होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी।

### रसूलपुर में बनेगा मेडिकल कॉलेज

उन्होंने कहा कि जल्द ही रसूलपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि टोहाना-कुलां-रतिया रोड पर 80 करोड़ खर्च करके इसे चौड़ा किया जाएगा। जमालपुर में रेलवे लाइन पर 36 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर बनाया जाएगा। पंचायत मंत्री कहा कि क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर काम किया जा रहा है। 38 करोड़ रुपये की लागत से जाखल में नहरी पानी स्प्लाई का प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। टोहाना शहर में 90 करोड़ की लागत से जलघरों की क्षमता बढ़ाने के साथ- साथ पानी के पानी की पाइप लाइन डाली जाएगी। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि शहरों की तर्ज पर गांवों के विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। लोक निर्माण विभाग एक्सईएन केसी कम्बोज ने कहा कि इस कार्य के क्लियरेंस में बहुत सारी बाधाएं थी, जिसे दूर किया गया है।

## आदित्य देवीलाल चौटाला ने किया सड़कों का शुभारंभ



**सिरसा।** सड़क का शुभारंभ करते आदित्य चौटाला।

**डबवाली।** हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड एंव कृषि विपणन बोडार्े की राष्ट्रीय परिषद के चेयरमैन आदित्य देवीलाल चौटाला ने वीरवार को डबवाली विधानसभा में दो नई सड़कों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आसाखेड़ा से तेजाखेड़ा नवनिर्माणाधीन सड़क दो किलोमीटर की लंबाई 92.17 लाख की लागत से बनने जा रही है। इसके साथ साथ गांव सुकेराखेड़ा से गांव आसाखेड़ा तक नई सड़क जिसकी लम्बाई 4 किलोमीटर है और जो 1 करोड़ 90 लाख की किमत से बनने जा रही है। आज दोनों ही सड़कों का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर दोनो ही गांवो के लोगों ने अपने अपने गांवो में बनने जा रही नई सड़कों के लिए चेयरमैन आदित्य देवीलाल चौटाला का आभार जताया एंव फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। ग्रामीणो ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर अपनी खुशी को सांझा भी किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। मेरी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। विकास के नाम पर लोगों को बरगलाता नहीं बल्कि विकास करके दिखाता हूं। उन्होंने कहा कि डबवाली विधानसभा क्षेत्र में जितने कार्य मुख्यमंत्री मनोहरलाल की सरकार में हुए हैं उतने कार्य किसी भी सरकार में नहीं हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से मैं हर कच्चे रास्ते को पक्की सड़क बनाने के लिए प्रयासरत हूँ।

# भूना में निकाला गया भव्य नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** पांच प्यारों की अगुवाई में निकाला गया नगर कीर्तन।

- गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर आयोजन
- संगत ने जगह जगह पर स्वागत किया

खालसा पंथ के संस्थापक सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी सर्ववंश दानी के प्रकाशोत्सव पर शहर भूना में वीरवार को भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में शब्द कीर्तन का प्रसार करते हुए पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु गोविंद सिंह जी की गुरबाणी से लोगों को आध्यात्मिक जागृति का संदेश दिया गया। शोभा यात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा से प्रारंभ करने से पूर्व गुरुद्वारा हेडग्रंथी द्वारा सरबत दा भला, मुख्य रखते हुए अकालपुरख से अरदास कर इजाजत ली, जिसके बाद शोभा यात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा से शुरू होकर मेन बाजार, रामलीला ग्राउंड, नेहरू पार्क, हिसार रोड, अनाज मंडी, फतेहाबाद रोड, बस स्टैंड, शहीद भगत सिंह पार्क होते हुए गुरुद्वारा में वापिस पहुंची। गुरुद्वारा सिंह सभा में बुधवार से ही श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश कर गुरबाणी का प्रसार चलाया गया। शोभा यात्रा के दौरान निहंग सिंह गतका टीम ने हेरतअंगेज कारनामे दिखाकर लोगों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। शोभा यात्रा में पांच प्यारों का जगह-जगह सरोपें पहनकर साध संगत ने स्वागत किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर जगह-जगह लोगों ने श्रद्धा सुमन के फूल बरसाए। शहर वासियों ने साथ चल रही संगत के लिए जगह-जगह जलपान का लंगर भी लगाया।

## टावर में लगी आग, मची अफरा तफरी

**रानियां।** शहर के वार्ड नंबर 13 वाल्मीकि मोहल्ले में लगे निजी कंपनी के टावर में वीरवार दोपहर को अचानक आग लग गई जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने जब टावर के कंट्रोल रूम से धुआं उठता देखा तो उन्होंने फौरन रानियां अग्निशमन को सूचित किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब टावर में आग लगी तो उसके समीप ही अनेक छोटे बच्चे खेल रहे थे। घटना के संदर्भ में सूचना पाकर फायर ब्रिगेड व टावर के कर्मचारी तथा डायल 112 के पुलिस कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मचारी रविंद्र कुमार, गुरदेव सिंह, दिलबाग सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं वार्डवासियों ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में टावर लगना सही नहीं है। लोगों ने अनेक बार शिकायत कर टावर को यहां से हटवाने की मांग की है, लेकिन लोगों की इस समस्या पर अभी तक कोई विचार नहीं किया गया।

## निकिता का पार्थिव शरीर रिसर्च के लिए किया दान



**फतेहाबाद।** देहदानी निकिता को अंतिम विदाई देते डेरा श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- डेरा सच्चा सौदा की श्रद्धालु थी 30 वर्षीय निकिता इन्सा

लेकर कहां कुछ, जाना ये शरीर भी दान है... इन पंक्तियों को सार्थक कर दिखाया है फतेहाबाद निवासी 30 वर्षीय निकिता इन्सा ने। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की शिक्षाओं पर चलते हुए निकिता इन्सां पत्नी बलविंद्र इन्सां के मरणोपरांत उनके स्वजनों ने उनकी देह को दान किया। निकिता का पार्थिव देह मेडिकल शोध कायोंर् के लिए गौतमबुद्धा चिकित्सा महाविद्यालय, झाझरा देहरादून को दान किया गया है। शरीरदानी को अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में शहर के गणमान्य लोग व डेरा श्रद्धालु पहुंचे। ग्रीन पार्क निवासी निकिता का देहांत हो गया था। उनके मरणोपरांत उनकी अंतिम इच्छानुसार परिजनों की ओर से फतेहाबाद के डेरा सेवादारों से संपर्क किया और उनकी पार्थिव देह को देहरादून मेडिकल कॉलेज को दान किया गया है। इससे पूर्व पार्थिव देह को फूलों से सजी एंबुलेंस में रखा गया। इस दौरान शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर फोर्स विंग के सेवादारों ने देहदानी को सैल्यूट कर एम्बुलेंस को मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया। फूलों से सजी एंबुलैस के माध्यम से शहर के प्रमुख मागोंर् से निकालकर पार्थिक शरीर को लालबती चौक से अंतिम विदाई दी।

## बबली ने महाराजा अग्रसेन स्कूल के वार्षिक उत्सव में की शिरकत

# पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** महाराजा अग्रसेन स्कूल के वार्षिक उत्सव समारोह में बच्चों को सम्मानित करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टोहाना में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरुस्कार वितरण किया व उनकी कला की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पंचायत मंत्री बबली ने भारत की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले को उनकी जयंती पर नमन किया। कैबिनेट मंत्री ने स्वच्छता रखने और पर्यावरण बचाने का आह्वान कर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि स्कूल हमें बहुत कुछ सिखाता है। स्कूली शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को भविष्य की अनिश्चित परिस्थितियों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि बच्चे के जीवन में दो मुख्य तौर पर गुरु होते है, एक शिक्षक और दूसरे अभिभावक। बच्चा अपना सबसे अधिक समय अपने माता-पिता और शिक्षक के साथ बिताता है। बच्चे भी यदि अपने बड़े बुजुगार्ें, माता-पिता व शिक्षकों की बातों का अनुसरण करें और उनके पदचिन्हों पर चले तो वह एक दिन अवश्य सफल होता है। इस अवसर पर समाजसेवी टेकचंद मोदी, प्रधान नरेश बंसल, रमेश गोयल, प्रिंसिपल नीलम नागपाल, सज्जन बंसल, अशोक गोयल, जगन्नाथ गोयल, बंसी अरोड़ा, परवीन चौधरी, कृष्ण गोयल, सुभाष गोयल, राजेंद्र ठकराल, भूषण बंसल, सुरेश नबरदार, सतपाल नन्हेडी, ज्ञानीराम बंसल, प्रकाश सिंह भट्टी, ओमप्रकाश गोयल, विक्रम गर्ग, अमरपाल शर्मा, मोंटू अरोड़ा, सुरेंद्र काला, अवनिश वालिया, सुरेंद्र सिंगला, राधेश्याम बजाज, रजनीश बंसल, दयाप्रकाश बंसल, रामप्रकाश मेहता, सुंदर लाल, राजेंद्र उर्फ बबली, पूर्व प्रिंसिपल रणधीर सिंह, रजनीश जैन, सुनील बंसल, विनोद बंसल, कृष्ण बंसल, विकास गर्ग, दीपक जैन, अजय गर्ग, मनोज गर्ग, दीपांकर, एमएल गुप्ता, नरेश मित्तल व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005